तापमान
अधिकतम 34 .0 डिग्री
न्यूनतम 24 .0 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 19 अगस्त 2025

11 भिवानी की टीचर मनीषा की के विरोध में विभिन्न ...



12 पीजीआईएमएस में मदर मिल्क बैंक की शुरुआत ...



**हरियाणा के युवा फिल्म निर्माताओं को मिलेगा दिग्गजों से सीखने का अवसर**

# डीएलसी सुपवा में पांच दिवसीय फिल्म कार्यशाला आज से शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसी सुपवा) में 19 से 23 अगस्त, 2025 तक पांच दिवसीय फिल्म कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय ने सिने फाउंडेशन हरियाणा के सहयोग से किया है। वास्तुकला संकाय में आयोजित होने वाली यह कार्यशाला राज्य के महत्वाकांक्षी और होनहार फिल्म प्रेमियों को उद्योग के विशेषज्ञों से सीखने का अनूठा अवसर प्रदान करेगी। कुलपति डॉ. अमित आर्य ने कहा कि डीएलसी सुपवा हमेशा से रचनात्मकता और प्रयोगधर्मिता को बढ़ावा देता आया है। इस कार्यशाला के माध्यम से हम सिनेमा सीखने को लोकतांत्रिक बनाने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ा रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में हमारे विद्यार्थियों



ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी पहचान बनाई है। रजिस्ट्रार डॉ. गुंजन मलिक ने भी इस पहल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि हरियाणा के युवाओं में सिनेमा और प्रदर्शन कलाओं के प्रति असाधारण रुचि बढ़ी है। यह कार्यशाला युवाओं को केवल सौंदर्यशास्त्र ही नहीं बल्कि फिल्म निर्माण की कठोरता और अनुशासन से भी परिचित कराएगी।

### दिग्गज कलाकार और विशेषज्ञ युवाओं का करेंगे मार्गदर्शन

कार्यशाला की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें भारतीय फिल्म उद्योग के दिग्गज कलाकार और विशेषज्ञ युवाओं का मार्गदर्शन करेंगे। इसमें प्रसिद्ध अभिनेता पवन मल्होत्रा, केरल फाइल्स से ख्याति प्राप्त फिल्म निर्देशक सुदीप्तो सेन, प्रख्यात निर्देशक और लेखक अतुल गंगवार तथा दिल्ली विश्वविद्यालय की संस्कृति परिषद के अध्यक्ष डॉ. अनूप लाठर जैसे नाम शामिल हैं। इनके अनुभव और मार्गदर्शन से प्रतिभागियों को फिल्म निर्माण की रचनात्मक और तकनीकी दुनिया की गहराई से समझ प्राप्त होगी।

### टीम की गतिविधियां और व्यावहारिक अभ्यास शामिल होंगे

यह कार्यशाला पारंपरिक व्याख्यान पद्धति से हटकर प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई है। इसमें फिल्म स्क्रीनिंग, आलोचनात्मक मूल्यांकन, टीम वर्क की गतिविधियां और विभिन्न व्यावहारिक अभ्यास शामिल होंगे। इसका उद्देश्य केवल सिनेमा की कला सिखाना ही नहीं बल्कि फिल्म निर्माण के अनुशासन और सहयोग की भावना को भी आत्मसात कराना है।

### गहन मंथन के बाद 30 होनहारों का हुआ चयन

हरियाणा भर से सैकड़ों युवा इस कार्यशाला का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक थे, लेकिन गहन चयन प्रक्रिया के बाद केवल 30 होनहार सिने-प्रेमियों का चयन किया गया है। चयनित प्रतिभागियों को सिनेमा के हर पहलू कहानी लेखन, पटकथा निर्माण, निर्देशन, छायांकन, प्रकाश व्यवस्था, ध्वनि डिजाइन और संपादन का व्यापक प्रशिक्षण मिलेगा।

### यह कार्यशाला विवि की अहम यात्रा का पड़ाव

फिल्म एवं टीवी विभाग के प्रमुख महेश टीपी ने इस कार्यशाला को विश्वविद्यालय की उस यात्रा का अहम पड़ाव बताया जिसके जरिए हरियाणा के युवाओं को सिनेमा के क्षेत्र में बेहतर अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि यह पहल एक ऐसा जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है जहां युवा सिनेमा को केवल सपनों में नहीं बल्कि एक सफल और प्रभावशाली करियर विकल्प के रूप में देख सकें।

## राम नगर कॉलोनी में महिला के साथ 41 हजार रुपये की ठगी

**रोहतक।** राम नगर कॉलोनी निवासी एक महिला के साथ 41 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला इंदु ने बताया कि उसने 2 अगस्त को यूट्यूब पर एक सूट की वीडियो देखी थी। जब उसने नंबर पर कॉल किया तो सामने से दूसरे नंबर पर कॉल करने के लिए कहा, जब उसने दूसरे नंबर पर बात की तो आरोपियों ने 850 रुपये के सूट के बदले बातों में उलझा लिया। इंदु ने बताया कि आरोपी ने उसके पास एक स्कैनर भेजा और कई बार में ट्रांजैक्शन करके 41 हजार रुपये की ठगी कर ली। पैसे कटने के मैसेज मिलने के बाद तुरंत साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करवाई। शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस मामले में जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### पं. डीडी सेंटर फॉर स्किल एंड वोकेशनल एजुकेशन के निदेशक बने प्रो. युद्धवीर

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी के प्रोफेसर डॉ. युद्धवीर सिंह को पं दीन दयाल उपाध्याय सेंटर फॉर स्किल एंड वोकेशनल एजुकेशन का निदेशक मनोनीत किया है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि प्रो. युद्धवीर सिंह को निदेशक पं दीन दयाल उपाध्याय सेंटर फॉर स्किल एंड वोकेशनल एजुकेशन का दायित्व अतिरिक्त कार्यभार के तौर पर तुरंत प्रभाव से दिया गया है।

### डॉ. गोपाल उप निदेशक डॉ. कपिल सहायक निदेशक नियुक्त

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन में कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंज विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. गोपाल सिंह को डिप्टी डायरेक्टर-ई लर्निंग एंड टेक्नीकल तथा कामर्स विभाग के एसिस्टेंट प्रोफेसर डा. कपिल मल्होत्रा को एसिस्टेंट डायरेक्टर नियुक्त किया है।

### मदविः कई परीक्षाओं के परिणाम जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने मई 2025 में आयोजित एलएलएम दूसरे सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर तथा तीसरे सेमेस्टर की री-अपीयर, बी. वोकेशनल रिटेल मैनेजमेंट के दूसरे व चौथे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर, एमबीए-एमबीए जनरल दूसरे व तीसरे सेमेस्टर री-अपीयर, एमबीए बिजनेस इकोनोमिक्स के दूसरे, तीसरे व चौथे सेमेस्टर की री-अपीयर, एमबीए आनर्स दो वर्षीय के दूसरे, तीसरे व चौथे सेमेस्टर की री-अपीयर, एमबीए एग्जीक्यूटिव के दूसरे व तीसरे सेमेस्टर की री-अपीयर, साहित्याचार्य प्रथम व दूसरे वर्ष की फुल व री-अपीयर, शास्त्री गुरुकुल स्कीम व एमडीयू स्कीम के प्रथम व दूसरे वर्ष की फुल व री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है।

### कम्यूनिकेशन स्किल पर ट्रेनिंग प्रोग्राम आज

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज 19 अगस्त को- कम्यूनिकेशन स्किल एट वर्कप्लेस विषय पर ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन करेगा। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज के कोऑर्डिनेटर डॉ. अनार सिंह ढुल ने बताया कि अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रो. रणदीप राणा बतौर की-नोट स्पीकर इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। यह ट्रेनिंग प्रोग्राम एफडीसी सेमिनार हाल में अपराह्न 3 बजे से प्रारंभ होगा।

### महंत डॉ. सतीश दास ने केस वापस लिए

**महम।** सतगुरु मंदिर सैमाण के महंत सतीश दास ने जमीन के मालिकाना हक को लेकर किए गए सभी केस वापस ले लिए हैं। महम बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रोहतास राठी ने बताया कि महंत सतीश दास ने रविवार को गांव में हुई पंचायत में ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि वे जमीन के मालिकाना हक को लेकर किए गए जमीनी केस वापस ले लेंगे। सोमवार को उन्होंने ये केस वापस ले लिए हैं।

**बार-बार शिकायतों के बावजूद भी गंदे पानी की समस्या का नहीं हो रहा समाधान**

# आमजन को पिलाया जा रहा आश्वासनों का पानी घरों में दूषित पेयजल से लोगों की बढ़ी मुसीबतें

- प्रशासन और विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जाने से शहर वासियों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में दूषित पेयजल आपूर्ति लोगों के लिए जी का जंजाल बन गई है। शहर की कई कालोनियों सहित सेक्टरों में गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। शहर के लाखों लोग इस पानी को पीने के लिए मजबूर है। समाजसेवी जसबीर कुमार ने बताया कि विडंबना यह है कि प्रशासन और विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। कहने को तो जनस्वास्थ्य विभाग ने लोगों की शिकायतें सुनने के लिए शिविर भी लगाए, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान कर सके। लेकिन, शहर की कॉलोनियों में काफी समय से दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है, इस ओर विभाग का ध्यान अभी तक नहीं गया है।

### खरीद कर पानी पीने को मजबूर

लाढौत रोड, चिन्योट कॉलोनी, सेक्टरों, गांधी कैंप, पटेल नगर और झंग कॉलोनी में कई दिनों से यह समस्या बनी हुई है। इन कॉलोनियों के स्थानीय लोग रोजमर्रा के कामों के लिए पानी खरीद रहे हैं। ऐसे में उन्हें दो-दो बिल चुकाने पड़ रहे हैं, इससे उन पर आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है। नलों में सप्लाई हो रहा पानी पीने लायक नहीं है। इस कारण लोगों को पेयजल खरीदना पड़ रहा है। यही नहीं, घरों में लगे नल में आने वाले पानी का बिल भी चुकाना पड़ रहा है। जबकि यह पानी बीमार करने वाला है। यहां के लोग दूषित व बदबूदार पानी पी रहे हैं और हर माह इसका बिल भरने को विवश भी हैं। विभाग लोगों की इस समस्या से अनजान बना बैठा है।



रोहतक। सेक्टर एक में गंदा पानी।



चिन्योट कॉलोनी में गंदा पानी की सप्लाई



पुराना हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में गंदे पानी की शिकायत करते लोग।

### पॉश इलाके भी अछूते नहीं

शहर के गांधी कैंप, झंग कॉलोनी व पटेल नगर में शहर की आबादी का बड़ा हिस्सा रहता है। करीब 40 हजार से ज्यादा लोग यहां रहते हैं। झंग कॉलोनी पॉश इलाके में गिनी जाती है। यहां भी पिछले कई माह से दूषित पेयजल बड़ी समस्या बना हुआ है। इलाके के लोग इसके लिए उपायुक्त से शिकायत भी कर चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

### हर माह कैंपर के चुका रहे 600 रुपये

क्षेत्र के ज्यादातर घरों में पेयजल के लिए कैंपर मंगवाया जा रहा है। 10 लीटर की क्षमता वाले एक कैंपर का मूल्य 20 रुपये है। लोग रोजाना कम से कम एक कैंपर मंगवा रहे हैं। इसका प्रतिमाह बिल कम से कम 600 रुपये बनता है। इसी तरह जनस्वास्थ्य विभाग पेयजल सप्लाई के लिए भी हर माह शुल्क वसूलता है। ऐसे में लोगों को पानी के लिए दो-दो बिलों का भुगतान करना पड़ रहा है। इसके बावजूद पेयजल समस्या बनी हुई है। आर्थिक रूप से कमजोर लोग बूस्टर से पानी ढोकर लाते हैं।

### शिविर का लोगों को नहीं मिला फायदा

गांधी कैंप, पटेल नगर निवासियों ने बताया कि विभाग की ओर से लगाए जा रहे शिविर का उन्हें कोई लाभ नहीं मिला है। उनकी समस्या जस की तस है। समाधान नहीं किया गया है। समस्या के मूल में जाने के बजाय अधिकारी ऊपरी कार्रवाई करते हैं, यही कारण है कि समस्या बढ़ती जाती है।

### टीम भेजकर समाधान करवा दिया जाएगा

इस तरह की शिकायत है तो वहां पर टीम भेजकर समाधान करवा दिया जाएगा। अगर पानी की दिक्कत है तो पानी के टेंकर भी भिजवा दिए जाएंगे। ऐसे में आमजन को पानी को लेकर परेशान नहीं होने दिया जाएगा। आज ही समस्या का समाधान करवाकर साफ पानी की आपूर्ति करवाई जाएगी। अगर कहीं पर पानी की पाइप का टुकड़ा भी बदलना होगा तो उसे भी बदलवाया जाएगा। - **अनिल कुमार**, एसडीओ, जनस्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग

### समाधान के बजाय समस्या को बढ़ा देते हैं कर्मी

सेक्टर-एक निवासी गुलशन ने बताया कि वे किराना स्टोर चलाते हैं, यहीं घर भी है। यहां पानी रोजाना करीब एक घंटे आ रहा है। कई बार दो टाइम पानी भी आता है, लेकिन पानी दूषित व बदबूदार है। शिकायत के बावजूद गड्ढे खोदकर समस्या बढ़ाने के अलावा विभाग ने और कुछ भी नहीं किया है।

### साफ पानी न मिलना बड़ी समस्या

चिन्योट कॉलोनी निवासी कपिल कुमार ने बताया कि साफ पानी नहीं मिलना बड़ी समस्या है। छोटे से क्षेत्र में हजारों की संख्या में लोग निवास करते हैं। समय से पानी का बिल भी जमा करते हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया जाता है। दूषित पानी के कारण छत की टंकी को माह में दो बार साफ कराना पड़ता है।

### कैंपर न मंगाए तो प्यासे रह जाएं

गांधी कैंप की सुमित्रा का कहना है कि सप्लाई का पानी पीने के काम नहीं आता है। जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से जो सप्लाई किया जाता है वह कई बार साफ भी दिखता है, लेकिन उसमें बदबू होती है। अगर कोई पानी कोई पी ले तो वह बीमार पड़ जाएगा।

# एमडीयू को आउटलुक रैंकिंग में देश के टॉप 100 स्टेट पब्लिक यूनिवर्सिटीज में 29वां स्थान

**प्रदेश में एमडीयू को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शिक्षा, अनुसंधान और सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में उत्कृष्टता की ओर अग्रसर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने एक और महत्वपूर्ण कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पत्रिका आउटलुक द्वारा जारी 2025 की इंडिया बेस्ट यूनिवर्सिटीज रैंकिंग में एमडीयू को देश के शीर्ष 100 स्टेट पब्लिक विश्वविद्यालयों में 29वां स्थान प्राप्त हुआ है। सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि हरियाणा राज्य में एमडीयू को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।



कुलपति प्रो. राजबीर सिंह

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने विश्वविद्यालय समुदाय को बधाई देते हुए कहा कि यह रैंकिंग हमारी साझा प्रतिबद्धता, नवोन्मेषी शिक्षण, उत्कृष्ट अनुसंधान और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना का प्रमाण है। एमडीयू न केवल एक शैक्षणिक संस्थान है, बल्कि यह युवाओं को भविष्य के नेतृत्व के लिए तैयार करने वाला एक सशक्त मंच है। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि एमडीयू का लक्ष्य है कि वह आने वाले वर्षों में वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान और मजबूत करे। इसके लिए डिजिटल लर्निंग, इंटरनेशनल कोलैबोरेशन, स्टार्टअप कल्चर और रिसर्च में वैश्विक उत्कृष्टता जैसे क्षेत्रों में निवेश किया जा रहा है। डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एससी मलिक तथा कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने भी विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि को हर सदस्य के समर्पण और दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम बताते हुए सभी को बधाई दी।



### शिक्षा की गुणवत्ता को भी नई ऊंचाई प्रदान की

डीन प्रो. एससी मलिक ने कहा कि एमडीयू का यह प्रदर्शन दर्शाता है कि कुलपति प्रो. राजबीर सिंह के नेतृत्व में एमडीयू न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता में, बल्कि उद्योग सहयोग, छात्रों के प्लेसमेंट, अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और सामाजिक सहभागिता में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। हरियाणा राज्य की शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता को भी नई ऊंचाई प्रदान करती है। आउटलुक रैंकिंग में विश्वविद्यालय ने विभिन्न प्रमुख मानकों पर शानदार प्रदर्शन किया है। आउटलुक द्वारा एमडीयू को एकेडमिक एंड रिसर्च एक्सीलेंस में 400 में से 377.09 इंडस्ट्री इंटरफेस एंड प्लेसमेंट में 200 में से 182.55 , इंफ्रास्ट्रक्चर एंड फैसिलिटीज में से 150 में 121.57, गवर्नेंस एंड एक्सटेंशन में 150 में से 116.09, डायवर्सिटी एंड आउटरीच में 100 में से 69.93, तथा टोटल स्कोर 1000 में से 867.23 अंक दिए गए हैं।



## प्रो. अश्विनी ढिंगड़ा बने यूआईईटी के निदेशक

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने प्रो. अश्विनी ढिंगड़ा को यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी का निदेशक का कार्यभार सौंपा है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि प्रो. अश्विनी ढिंगड़ा को यूआईईटी के निदेशक का दायित्व अतिरिक्त कार्यभार के तौर पर तुरंत प्रभाव से दिया गया है। प्रो. अश्विनी ढिंगड़ा ने आज यूआईईटी निदेशक का कार्यभार संभाल लिया। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी प्रो. सोनिया, पूर्व निदेशक प्रो. युद्धवीर सिंह समेत यूआईईटी के प्राध्यापकों ने प्रो. अश्विनी ढिंगड़ा को निदेशक बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रो. अश्विनी ढिंगड़ा ने इस दायित्व के लिए कुलपति प्रो. राजबीर सिंह का आभार जताते हुए कहा कि बतौर यूआईईटी निदेशक उनका उद्देश्य संस्थान के समग्र शैक्षणिक और शोध वातावरण को सुदृढ़ करना और शिक्षकों की लंबी सीएएस पदोन्नितयों को प्राथमिकता से पूरा करवाना रहेगा।

## कोच व खिलाड़ियों को गोली मारने का इनामी आरोपी गिरफ्तार



**रोहतक।** जाट कॉलेज के जिम्नेजियम हाल में स्थित अखाड़े में 12 फरवरी 2021 को शाम के समय कुश्ती कोच सुखविन्द्र ने साथी कोच व खिलाड़ियों को गोली मारने की वारदात को अंजाम दिया था। वारदात में प्रयुक्त हथियार उपलब्ध करवाने वाले 5 हजार रुपये के ईनामी आरोपी को गिरफ़्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। पीजीआईएमएस थाना प्रभारी रोशनलाल ने बताया कि जाट कॉलेज स्थित जिम्नेजियम हाल अखाड़े में हुए गोलीकांड में आरोपी सुखविंदर को अवैध हथियार उपलब्ध करवाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एवीटी प्रभारी अश्वनी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। 17 अगस्त को टीम ने छापेमारी करते हुए आरोपी दर्शन निवासी ढुंगर को जिला मुजफ्फरनगर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिये पुलिस टीम द्वारा निरंतर छापेमारी की जा रही थी। आरोपी ने अवैध हथियार व गोली आरोपी मनोज को बेची थी।

**फसलों को बाढ़ से बचाने के लिए सिंचाई विभाग ने खर्च किए करीब 5 करोड़ रुपये**

# 60 क्यूसिक खरैंटी पंप हाउस शुरू, एलएमएल ड्रेन कैचमेंट एरिया जलभराव मुक्त, 30 साल से डूब रही थी फसलें

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

भिवानी सब ब्रांच पर 60 क्यूसिक के खरैंटी पंप हाउस ने मानसून के इस सीजन में काम करना शुरू कर दिया है। अब लाखनमाजरा लिंक (एलएमएल)ड्रेन का कैचमेंट एरिया बाढ़ से मुक्त हो गया है। बीते 30 साल से यहां प्रतिवर्ष हजारों एकड़ में खड़ी खरीफ फसलें जलभराव की वजह से तबाह हो रही थी। लिंक ड्रेन ओवरफ्लो होकर उसका पानी खेतों में घुस जाता था। लेकिन अब पंप हाउस द्वारा 60 क्यूसिक पानी भिवानी सब ब्रांच में पम्पिंग किया जा रहा है। जिससे ड्रेन ओवरफ्लो नहीं होती। ध्यान रहे कि जिले में अभी तक सामान्य 322.5 की बजाय 441.9 मिलीमीटर बरसात हो चुकी है। जोकि सामान्य से 37 प्रतिशत अधिक है। इतनी ज्यादा बरसात होने के बाद भी एलएमएल ड्रेन कैचमेंट एरिया में फसलें पूरी तरह सुरक्षित हैं। जब-जब भारी बारिश के बाद ड्रेन ओवरफ्लो होने लगी तो पंप हाउस ने तुरंत ओवरफ्लो पानी को पम्पिंग कर दिया। जिससे फसलों में जलभराव नहीं हुआ। पंप हाउस की वजह से ही इस समय ड्रेन में बहुत ही कम पानी बह रहा है।



खरैंटी पंप हाउस एलएमएल ड्रेन से पानी को भिवानी सब ब्रांच में डालते हुए।

### चौवा भी होगा अब कम

पंप हाउस के लिए अंडरग्राउंड पाइप लाइन डालने पर सिंचाई विभाग ने तकरीबन 5 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। काम गत वर्ष शुरू हुआ था। लेकिन जब तक पूर्ण हुआ, तब तक मानसून सीजन बीत चुका था। अब एलएमएल ड्रेन का एरिया न केवल बाढ़ मुक्त हुआ है, बल्कि आने वाले समय में इस क्षेत्र के जमीनी का पानी का स्तर भी कम होगा। जमीनी पानी का स्तर बरसाती पानी की निकासी सही समय पर न होने के कारण ही बढ़ता है। लाखनमाजरा खंड में इस समय भूजल स्तर एवरेज 4.06 मीटर है। जोकि काफी अधिक है। अब खेतों में लंबे समय तक जलभराव नहीं होगा तो चौवा भी धीरे-धीरे कम होने लगेगा। खरैंटी पंप हाउस से पहले सिंचाई विभाग ने तीन चार साल पहले धनाना के खेतों को बाढ़ से बचाने के लिए इसी तरह की अंडर ग्राउंड पाइप लाइन डालकर पानी को भिवानी सब ब्रांच में डाला था। उसके परिणाम पूरी तरह से सकारात्मक रहे तो सिंचाई विभाग ने 60 क्यूसिक का खरैंटी पंप हाउस बनाया।

### नहीं होगा जलभराव

पंप हाउस ड्रेन से जहां पानी लेता है, वहां ड्रेन की क्षमता तकरीबन 175 क्यूसिक थी। अब पंप हाउस 175 में से 60 क्यूसिक पानी को भिवानी सब ब्रांच में डाल देता है तो खरैंटी में एलएमएल ड्रेन ओवरफ्लो नहीं होती है। अब ड्रेन ओवरफ्लो नहीं होगी तो खरैंटी से आगे गिरावड़ और दूसरे गांवों में भी ड्रेन का पानी खेतों में प्रवेश नहीं कर पाएगा। खरैंटी से पहले लाखनमाजरा एरिया का पानी भी पंप हाउस लिफ्ट कर रहा है। मानसून के हर सीजन में ड्रेन करीब 25-28 साल से ओवरफ्लो हो रही थी। ध्यान रहे कि वर्ष 1997 में तत्कालीन बंसीलाल सरकार ने महम विधानसभा का बाढ़ से मुक्ति दिलाने के लिए लाखनमाजरा और महम लिंक ड्रेन का निर्माण करवाया था। लाखनमाजरा लिंक ड्रेन काहनौर के पास महम लिंक ड्रेन में मिल जाती है। महम लिंक ड्रेन का पानी ड्रेन 8 में जाता है। जहां पर पानी 8 नंबर ड्रेन में ग्रेविटी से जाता है, वहीं सिंचाई विभाग ने यहां पंप हाउस बनाया हुआ है। ताकि जब ग्रेविटी से पानी बंद हो तो उसे पम्पिंग किया जा सके।

### किसानों की चिंता खत्म



खरैंटी पंप हाउस से चौबीसों घंटे 60 क्यूसिक पानी को भिवानी सब ब्रांच में डालने के प्रबंध किए जा चुके हैं। बिजली न होने की स्थिति में जनरेटर के इंतजाम भी किए हैं। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि अब एलएमएल ड्रेन कैचमेंट एरिया में फसलें जलभराव से नष्ट नहीं होंगी। -**राजेश भारद्वाज**, कार्यकारी अभियंता सिंचाई विभाग रोहतक



चालीस-पैंतालिस की उम्र में आकर हम यही सोचते हैं, अब जिंदगी में कुछ नया करने, बड़ा करने के दिन गए। जबकि ऐसा कुछ नहीं है, किसी भी उम्र में अपने सुहाने सपने पूरे किए जा सकते हैं। अपनी एक पहचान बनाई जा सकती है। बस जरूरत है, हम अपने भीतर उत्साह-उमंग और जोश समेटे रहें, पूरी तरह आशावादी रहें।

# अभी देर नहीं हुई आज भी संवर सकती है जिंदगी

कवर स्टोरी
शिखर चंद जैन

आज अमृता का पैंतालिसवां जन्मदिन था। हर कोई उसे बधाई दे रहा था, लेकिन वह उदास थी। उसकी सहेली सुरभि ने अकेले में उसकी उदासी की वजह पूछी तो फूट-फूट कर रो पड़ी, बोली, 'मैं पैंतालिस साल की हो गई हूं। अभी तक मेरा अपना फ्लैट नहीं है, किराए के फ्लैट में रह रही हूं। न ही अभी तक मेरे किसी बच्चे की शादी हुई है। मेरे सब भाई-बहनों और सहेलियों के अपने फ्लैट हैं। बच्चे पढ़-लिख गए, उनकी शादी भी हो गई है। जिंदगी बीती जा रही है और मैं अब तक कुछ भी अचीव नहीं कर पाई।' सुरभि ने अमृता को समझाया, 'सुन अमी! न्यूयॉर्क कैलिफोर्निया से तीन घंटे आगे है, लेकिन इससे कैलिफोर्निया पीछे नहीं रह गया। पचास वर्षीया स्नेहा को आज सब जानते हैं, क्योंकि वह एक मल्टीनेशनल कंपनी में सीईओ हैं, लेकिन पांच साल पहले तक उसे कोई नहीं जानता था। जबकि सचिन तेंदुलकर को 16 वर्ष की आयु में पूरी दुनिया जानने लग गई थी। कोई अड़तालिस साल की उम्र तक कुंवारा रह जाता है, फिर जीवनसाथी ढूंढ़ पाता है, जबकि किसी की शादी अट्ठाइस वर्ष की उम्र में हो जाती है, लेकिन तलाक होने की वजह से वह पैंतालिस वर्ष की उम्र में फिर से अकेला हो जाता है। ओबामा पचपन की उम्र में रिटायर हो गए, जबकि ट्रंप ने राजनीतिक शुरुआत ही 70 वर्ष की उम्र में की थी। दरअसल, दुनिया में हर किसी के समय का एक दौर या टाइम जोन होता है। कोई आपसे आगे दिख सकता है, तो कोई पीछे। लेकिन हर कोई अपनी दौड़ में अपने समय पर है। न किसी से ईर्ष्या करने की जरूरत है और न नकल करने या दुखी होने की। वे अपने टाइम जोन में हैं, हम अपने जोन में। सही समय का इंतजार करना ही जिंदगी है। रिलैक्स करो। तुम एकदम समय पर हो और विधाता ने तुम्हारे लिए जो टाइम जोन सेट किया है, उसी के मुताबिक हो।' सुरभि ने अमृता से बिल्कुल सही कहा। हमें बीतती हुई उम्र के लिए चिंतित होने की बजाय, इन बातों पर ध्यान देना चाहिए-



### कुछ नया करने की कोई उम्र नहीं होती

इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपकी उम्र कितनी है। आप यह मान कर चलें कि आज भी उतनी ही ऊर्जावान हैं, जितनी बीस-बाइस साल की उम्र में थीं। बड़ी उम्र में आना, जीवन का अंत नहीं है। यह आने वाले दिनों की नई शुरुआत है। अपने लक्ष्य तय करें और उन्हें हासिल करें। आप डांस या म्यूजिक सीखना चाहती हैं, अकेले दुनिया घूमना चाहती हैं, कोई नया और कुछ अलग हटकर शौक अपनाना चाहती हैं। बस, आप जो चाहती हैं, कर डालें, झिझकें नहीं। याद रखें, आपको एक ही जिंदगी मिली है, इसलिए वो सब करें, जो आपका दिल करना चाहे, लेकिन दुखी ना हों।

### सेहत पर पूरा ध्यान दें

अब तक आपने अपने सास-ससुर, पति, बच्चों आदि के लिए ही सब कुछ किया और कभी अपनी सेहत का ध्यान नहीं रखा। खूब काम किया और वो सब कुछ किया, जिससे आपकी सेहत को नुकसान पहुंच सकता था। चालिए कोई बात नहीं, जब जागो तभी सवेरा। अब आपकी अपनी देखभाल का उचित समय आ गया है। अच्छा खाएं, व्यायाम करें, प्रकृति के नजदीक रहें, ध्यान लगाएं। जितनी अच्छी आदतें आप इस समय अपनाएंगी, उतनी ही स्वस्थ आप आने वाले समय में उम्र के पचास-साठ के दशक में रहेंगी।



### समय किसी के लिए नहीं रुकता

समय सतत चलायमान है। यह किसी के लिए नहीं रुकता है, लेकिन जैसे-जैसे यह बीतता है, नई सीख भी देता जाता है। समय के इस चक्र में कभी-कभी हमारी सीख और हमारे अनुभव भी असहाय नजर जाते हैं। कई बार हमें लगता है कि जिनसे हमारा सामना आज हो रहा है, उसे हमें बहुत पहले ही जान लेना चाहिए था। ऐसी ही कुछ बातें हैं, जिनको सुनने के बाद लगता है 'काश! ये सीख जवानी में मिली होती तो आज जीवन और भी सुखमय हो सकता था।'

### रहें हमेशा आशावादी

जिस तरह हर रात की सुबह होती है, ठीक उसी तरह हर पहलू का अंत होता है और एक नए पहलू का जन्म होता है। दुख है तो उसका अंत भी होगा और जीवन का अगला पड़ाव खुशियों से भरा होगा। अगर आपने अपना पूरा ध्यान भविष्य की चिंता पर लगा दिया तो इससे मौजूदा पल आपसे बिछड़ सकते हैं। इसलिए हर पल को जिएं और हर पल का लुत्फ उठाएं।

### अपने सपनों को पूरा करें

कई बार लोग चालीस पार जाते ही सोचने लगते हैं कि बदलाव के लिए अब बहुत देर हो चुकी है। आप भी ऐसा सोचती हैं तो अपने को बदलिए। महिलाएं कई बार युवावस्था में जो शौक जिम्मेदारियों के बोझ के कारण पूरे न कर पाईं, उन्हें मौका मिलने और इच्छा होने के बावजूद लोकलाज या लोगों की टिप्पणी से डर कर पूरा नही करतीं। दूसरे क्या कहेंगे, यह सोचना छोड़िए और जीवन में जो भी अवसर मिले, उसे लपक कर पकड़ें। यह सोचकर कि अब तो आप चालीस के पार हो चुकी हैं, नया क्या करना, हाथ में आया अवसर गंवाएं नहीं। आप बस एक ही बात सोचिए, नई शुरुआत करने के लिए अभी बहुत देर नहीं हुई है। जीवन आज भी संवारा जा सकता है। अपनी एक बड़ी पहचान बनाई जा सकती है।

# एक दायरे में रह कर निभाएं रिश्ते

एक तरफ तो हम इस आधुनिक जीवनशैली में अपने रिश्तों से दूर होते जा रहे हैं, दूसरी ओर रिश्ते इस तरह निभाए जा रहे हैं, जो तनाव का सबब बन रहे हैं। रिश्तों में वो अपनापन और मधुरता नहीं दिखती, जो पहले कभी दिखती थी। सवाल यह है कि हम अपने रिश्तों का निर्वाह किस तरह करें, ताकि हमारे रिश्ते बने रहें। आपके लिए बहुत जरूरी सलाह।

रिलेशनशिप
बुशरा फातमा



आज की जीवनशैली में हम इस कदर व्यस्त हो गए हैं कि तमाम सुख-सुविधाओं के बावजूद अकेलापन महसूस करते हैं, भीतर एक बेचैनी रहती है। ऊपर से हम अपनों से दूर रहकर सोशल मीडिया के आभासी रिश्तों में उलझे रहते हैं। इसकी बड़ी वजह है, पारिवारिक रिश्तों में बढ़ती दूरियां। देखा जाए तो रिश्तों में अब वो अपनत्व नहीं रहा, जो पहले कभी हुआ करता था। इसकी एक मुख्य वजह एक यह भी है कि कई रिश्ते अब ऐसे हो गए हैं, जो हमें मानसिक तनाव देते हैं। ऐसे में रिश्तों में दूरियां आना स्वाभाविक है। स्प्रिचुअल गुरु अशोक रोडे रिश्तों के इस बदलते रूप को एक अलग नजरिए से देखते हैं। वह कहते हैं, 'रिश्तों को एक दायरे में रहकर निभाया जाए तो इससे इंसान ना सिर्फ अनावश्यक तनाव से बच सकता है बल्कि रिश्तों में बढ़ती दूरी को खत्म भी किया जा सकता है।'

**जरूरी है दोनों तरफ से रिश्तों का निर्वहन:** हमारे आस-पास कई ऐसे लोग होते हैं, जो सिर्फ अपने फायदे के लिए ही रिश्ते रखते हैं। वे चाहते हैं, जब उन्हें आपकी जरूरत हो तो आप उपलब्ध रहें। हमेशा उनकी मदद के लिए खड़े रहें, लेकिन जब आपको उनकी जरूरत हो तो वो उपलब्ध नहीं होंगे, व्यस्तता का बहाना बना देंगे। इसलिए ऐसे रिश्तों से सावधान रहें। ऐसे लोगों का जब कोई काम हो तो आप उन्हें काम करने के लिए साफ मना कर दें। इसमें कोई बुराई नहीं है। आसानी से अपनी उपलब्धता देते रहना, अपनी वैल्यू घटाना है, साथ ही ऐसे लोग रिश्तों को कमजोर भी बनाते हैं। रिश्तों में दोनों तरफ से निर्वहन जरूरी है, यह भावना रिश्तों को मजबूत बनाती है। इसमें नकारात्मकता की कोई गुंजाइश नहीं रहती।

**मेडिटेशन और योग करें:** अगर टॉक्सिक रिलेशनशिप से तनाव ज्यादा बढ़ रहा है तो इससे दूरी बनाएं। इस संबंध में एक बात बहुत लाभदायक सिद्ध हो सकती है, वो है योग का सहारा लेना। नकारात्मक मूड से निकलने के लिए सबसे आसान तरीका है- मेडिटेशन और योगासन। इसका नियमित अभ्यास हमें रिश्तों को संभालना सिखाता है, हमें तनावमुक्त करता है।

**सीखें ना कहने की कला:** कई बार सामने वाले से आपकी किसी बात को लेकर सहमति नहीं होती, लेकिन उसे तकलीफ ना पहुंचे, इसलिए आप अपनी असहमति प्रकट नहीं करतीं। लेकिन कुछ ना कह पाने की झिझक रिश्तों को घुन की तरह खाती रहती है, इससे रिश्ते खोखले होते चले जाते हैं। इसलिए गैरजरूरी कामों के लिए ना कहना सीख लें।

### सोशल मीडिया पर रिश्तों की परख जरूरी



**इन दिनों** यह बहुत ही आम बात है कि हर इंसान के पास लैपटॉप-स्मार्टफोन है, जो वर्चुअल रिश्तों को खूब बढ़ावा दे रहा है। लेकिन इस तरह के रिश्तों में बढ़ती घटनाओं ने हमें यह सबक सिखाया है कि वर्चुअल रिश्तों की परख होना बहुत जरूरी है, साथ एक सीमित दायरे में रिश्ते बनाए रखना चाहिए। इस वर्चुअल वर्ल्ड में भले ही अनगिनत रिश्ते चंद दिनों में बन जाते हैं, लेकिन इन पर आंख मूंदकर भरोसा करना समझदारी की बात नहीं है।

**सेल्फ डिफेंस मैकेनिज्म:** स्प्रिचुअल गुरु अशोक रोडे इस बात को बहुत अहमियत देते हैं कि हर इंसान को सेल्फ डिफेंस मैकेनिज्म की समझ होनी चाहिए, जैसे आप किसी ऐसी स्थिति में हैं कि जहां बात बिगड़ सकती है, वहां आपका व्यवहार और रवैया बहुत अहम हो जाता है। स्थिति का अच्छा-बुरा होना हम पर निर्भर करता है। बिना चिल्लाए, गुस्सा किए कई बार हम स्थिति को संभाल सकते हैं।

# अपने घर को दें ईको फ्रेंडली लुक

डेकोरेटिव आइटम्स से सजा घर सभी को आकर्षक लगता है। लेकिन अगर आप चाहती हैं कि आपके होम डेकोरेशन को नेचुरल लुक मिले तो आप कुछ ईको फ्रेंडली आइडियाज को फॉलो कर सकती हैं। आपके लिए यूजफुल आइडियाज।

डेकोरेशन
राना हक



आमतौर पर घर की सजावट का सामान खरीदते समय हम इस बात को अनदेखा कर देते हैं कि उसका पर्यावरण पर क्या असर पड़ेगा? हमारी छोटी-छोटी लापरवाहियों से भी पर्यावरण पर बुरा असर पड़ता है। ऐसे में समझदारी इसी में है कि अपने घर को इस तरह सजाया जाए, जिससे घर दिखने में तो सुंदर लगे ही, पर्यावरण को भी कोई नुकसान न हो।

**इंडोर प्लांट्स से आए हरियाली:** घर अगर छोटा हो और बालकनी में पर्याप्त जगह न हो तो घर सजाने के लिए इंडोर प्लांट्स बेहतरीन ऑप्शन हैं। इंडोर प्लांट्स की खास बात ये है कि इनमें से ज्यादातर एयर प्यूरीफायर का काम करते हैं, जो सजावट के साथ-साथ आपके घर की हवा को साफ रखने में भी मदद करते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि



इन प्लांट्स को प्लास्टिक पॉट के बजाय सेरेमिक या रिसाइकल्ड बॉटल्स में लगाएं।

**लिविंग रूम में केन फर्नीचर:** यूं तो मार्केट में कई तरह के फैंसी फर्नीचर मिल जाते हैं। लेकिन इनमें से अधिकांश कुछ ही समय में खराब होने लगते हैं। इनके बजाय आप केन फर्नीचर से अपने घर के लिविंग रूम को डेकोरेट कर सकती हैं। इनकी खासियत यह होती है कि ये बहुत टिकाऊ होते हैं। इन्हें ज्यादा देखभाल की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे ये सालों-साल घर की शोभा बढ़ाते रहते हैं। अब तो केन फर्नीचर भी मार्केट ट्रेंड के हिसाब से मॉडर्न लुक में उपलब्ध हैं। ऐसे फर्नीचर को तैयार करने में ट्रेडिशनल के साथ-साथ मॉडर्न टेक्सचर का भी इस्तेमाल किया जाता है। इसीलिए ये अट्रैक्टिव लगते हैं और इनसे पर्यावरण को कोई नुकसान भी नहीं होता है।

**नेचुरल फैब्रिक का करें यूज:** घर में यूज किए जाने वाले ज्यादातर फैंसी कर्टेन सिंथेटिक फाइबर के बने होते हैं। ये एन्वॉयर्नमेंट के लिए हार्मफुल होते हैं। इसलिए जहां तक संभव हो कर्टेन, कुशन कवर, बेडशीट जैसी चीजों के लिए नेचुरल फैब्रिक का सेलेक्शन करें। कॉटन, लिनेन, जूट जैसे फैब्रिक थोड़े महंगे जरूर होते हैं, लेकिन इनकी लाइफ लंबी होती है। ये आपके खर्च को कंट्रोल करने में मदद करते हैं और पर्यावरण के लिए भी अच्छे होते है।

**मल्टीपर्पस सामानों का करें यूज:** आजकल फ्लैट कल्चर में डेकोरेटिव आइटम्स रखने के लिए स्पेस बहुत कम ही बचता है। इसलिए जहां तक संभव हो ऐसे फर्नीचर का चुनाव करें, जिसका इस्तेमाल कई तरह से किया जा सकता है। फोल्डेबल टेबल्स, स्टोरेज टूल, डेकोरेटिव बॉक्सेस दिखने में अच्छे लगते हैं और इनका इस्तेमाल भी कई तरह से किया जा सकता है। ऐसे मल्टीपर्पस सामान यूज करने से जो स्पेस बचता है, उसमें आप मनपसंद डेकोरेटिव आइटम्स रख सकती हैं।

**हैंडक्राफ्टेड डेकोरेटिव आइटम्स:** घर सजाते समय अगर आप छोटी-छोटी बातों का ख्याल रखेंगी तो ये न सिर्फ बजट के लिए सही रहता है,



बल्कि ईकोफ्रेंडली ऑप्शन अपना कर पर्यावरण को बचाने में भी मदद कर सकती हैं। जैसे-वॉल हैंगिंग्स, पॉट्स, किचेन टूल्स, क्ले पॉट्स जैसे हैंडीक्राफ्टेड आइटम्स बहुत अट्रैक्टिव तो लगते ही हैं, ईकोफ्रेंडली भी होते हैं।

# यूज करें होममेड मॉयश्चराइजर चेहरा दिखेगा खिला-खिला



स्किन केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

सीजन कोई भी हो, स्किन केयर के लिए पूरे साल मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल करना जरूरी है। यह न केवल स्किन को हाइड्रेट करता है बल्कि स्किन को सॉफ्ट बनाता है और सुरक्षित रखता है। आप होममेड मॉयश्चराइजर यूज कर सकती हैं।

**नॉर्मल स्किन:** अगर आपकी स्किन नॉर्मल है तो आप बादाम और एलोवेरा का मॉयश्चराइजर बना सकती हैं। इसे बनाने के लिए एक बड़े कटोरे में आधा कप एलोवेरा जैल, 2 बड़े चम्मच जोजोबा या बादाम का तेल, लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की 5-6 बूंदें मिलाएं। जब तक ये फ्लफी न हो जाएं, इन्हें मिलाते रहें। इसके बाद इसे एक एयरटाइट कंटेनर में भर कर फ्रिज में रख दें। आप इसे जरूरत के मुताबिक लगा सकती हैं। इस क्रीम का इस्तेमाल करने से पहले चेहरे को पानी और फेस वॉश से क्लीन करना न भूलें।



**ऑयली स्किन:** ऑयली स्किन के लिए भी आप मॉयश्चराइजर घर में बना सकती हैं। कांच के कटोरे में ताजा एलोवेरा से एक चम्मच एलोवेरा जैल निकाल लें। इसमें एक चम्मच शहद मिला लें। अब इस मिश्रण में आधा चम्मच नारियल तेल और आधा चम्मच बादाम का तेल मिलाकर इसका पेस्ट बना लें। जब पेस्ट क्रीम की तरह मिक्स हो जाए तो इसे कांच की बोतल में रख कर फ्रिज में स्टोर कर लें। इस मॉयश्चराइजर को आप नियमित रूप से उपयोग कर सकती हैं।



ऑयली स्किन के लिए आप यह तरीका भी अपना सकती हैं। एक पैन में थोड़ा सा गुलाब जल लें और उसमें एक कप गुलाब की पंखुड़ियां डालकर इसे उबाल लें। जब घोल ठंडा हो जाए तो इसे छान लें। अब इसमें एलोवेरा जैल मिलाएं और इस मिश्रण को फ्रिज में रख दें। इसे अपने चेहरे पर लगाकर छोड़ दें। ऐसा आप हर रात सोने से पहले करती रहें। इससे स्किन सॉफ्ट बनेगी।

**ड्राई स्किन:** अगर आपकी स्किन ड्राई है तो भी आप मॉयश्चराइजर बना सकती हैं। ड्राई स्किन के लिए एक कटोरे में एक चम्मच शहद और दो चम्मच ग्लिसरीन डालें। इस मिश्रण में दो चम्मच एलोवेरा जैल डालकर अच्छे से मिला लें। अब इस मिश्रण में दो चम्मच ग्रीन टी का पानी डालकर इसे अच्छे से पेस्ट बना लें। जब पेस्ट क्रीम की तरह मिक्स हो जाए तो इसे कांच की बोतल में रख लें। अब इस बोतल को फ्रिज में रख दें और इस मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल जरूरत के अनुसार करें। आपका चेहरा हमेशा खिला हुआ नजर आएगा।

# रेनी सीजन में क्या खाएं-क्या न खाएं

बारिश के मौसम में कई तरह की बीमारियां खान-पान में लापरवाही से होती हैं। ऐसे में आपको जरूर जानना चाहिए कि इस मौसम में अपनी डाइट को लेकर क्या सावधानियां बरतनी जरूरी हैं?

डाइट सजेशन
डॉ. अदिति शर्मा, डाइटीशियन



बारिश के मौसम में कई तरह की बीमारियां होने की आशंका बढ़ जाती है। नमी और गंदगी के कारण बैक्टीरिया, वायरस और फफूंद तेजी से बढ़ते हैं। ऐसे में जरा सी लापरवाही आपके स्वास्थ्य को बिगाड़ सकती हैं, इसलिए खान-पान को लेकर विशेष ध्यान रखना चाहिए। आइए जानते हैं, इस सीजन में कैसी हो आपकी डाइट।

**ताजा-गर्म भोजन:** इस मौसम में बाहर का खाना खाने से परहेज करें, क्योंकि इस मौसम में पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है, इसलिए घर का बना ताजा और गर्म खाना ही खाएं। हमेशा हल्का खाना खाएं। तले-भुने व्यंजनों से भी परहेज करें। दलिया, खिचड़ी, दाल, सूप को अपने खाने में शामिल करें। ठंडा और फ्रिज में रखा हुआ खाना न खाएं।

**इम्यूनिटी को मजबूत बनाएं:** अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बनाने के लिए तुलसी, अदरक वाली चाय का सेवन करें। काढ़ा पीने से भी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इससे इन दिनों होने वाली बीमारियों से भी आप सुरक्षित रहती हैं।

**मौसमी सब्जियां-फल:** मौसमी सब्जियों और फलों को अपने आहार में शामिल करना चाहिए। इस मौसम में लौकी, परवल, तोरी, और सीताफल खा सकती हैं, क्योंकि ये सब पेट के लिए बहुत ही फायदेमंद होती हैं लेकिन इसे बनाने से पहले अच्छी तरह से जरूर साफ कर लें। इसके अलावा रंग-बिरंगे फलों का भी सेवन फायदेमंद होता है जैसे सेब, आम, जामुन, अमरूद, चेरी, स्ट्रॉबेरी और आलू बुखारा खा सकती हैं। इसमें फाइबर और विटामिंस होते हैं, जो हमारे शरीर के लिए बहुत ही लाभदायक होते हैं। ये हमारे इम्यूनिटी सिस्टम को मजबूत बनाने में सहायक होते हैं। लेकिन खाने से पहले फलों को अच्छी तरह धोना जरूरी है।

**आटा-चावल:** इस मौसम में बाजरा, रागी और गेंहू के आटे को बदल-बदल कर खाना चाहिए। बाजरा और रागी में प्रोटीन, कैल्शियम बहुत होता है। इसके अलावा चावल में ब्राउन राइस लें, क्योंकि ये हार्ट, शुगर और बीपी के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है।

**लिक्विड:** बरसात के मौसम में गुनगुने पानी का ही सेवन करें या फिल्टर का पानी पीएं। इसके साथ नीबू पानी, नारियल पानी, सूप पीना भी फायदेमंद होता है।

प्रस्तुति: संध्या रानी

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप



महम। पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेते कॉलेज विद्यार्थी व प्रतियोगिता का अवलोकन करते प्रिंसिपल डॉ. सत्यव्रत सोलंकी व सीनियर प्राध्यापक रोहित कुमार। फोटो : हरिभूमि

### नशा मुक्त भारत पर पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता

**महम।** राजकीय महाविद्यालय महम में नशा मुक्त भारत विषय पर पोस्टर व स्लोगन बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ चढकर भाग लिया। प्रिंसिपल डॉ. सत्यव्रत सोलंकी व वरिष्ठ प्राध्यापक रोहित कुमार ने स्लोगन प्रतियोगिता का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों का मागदर्शन किया। प्रिंसिपल व प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्राध्यापिका अंजू व निधि समेत कई स्टाफ सदस्य मौजूद थे।



### रैली प्रदेश की राजनीतिक दिशा तय करेगी: नफे सिंह

**महम।** इनेलो के जिला अध्यक्ष नफे सिंह लाहली ने कहा कि 25 सितंबर की रोहतक रैली प्रदेश की राजनीतिक दिशा तय करेगी। नफे सिंह लाहली हलका महम के अनेक गांवों में रैली का न्योता देने पहुंचे थे। 25 सितंबर को रोहतक में ताऊ देवी लाल के जन्मदिन पर होने वाले सम्मान दिवस समारोह का निमंत्रण देने के लिए वे डोभ, भाली, सिंहपुरा, बहु जमालपुर, गद्दी खेड़ी, भगवतीपुर, समारगोपालपुर गांव में पहुंचे। इस अवसर पर विश्वास भाली, बल्लू प्रधान, जितेंद्र दांगी, कृष्ण, विशाल, अमरजीत, जय सिंह, सतबीर सहरावत, धर्म पांचाल, दीपक, अरमान, अमन एवं साहिल आदि उपस्थित रहे।

### पोर्टल से आगजनी का ऑप्शन हटाया

**रोहतक।** अखिल भारतीय किसान सभा की जिला टीम सोमवार को क्षतिपूर्ति पोर्टल में आ रही दिक्कतों को ठीक करवाने और अन्य गांवों के लिए पोर्टल खुलवाने की मांग को लेकर जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल से मिली और क्षतिपूर्ति पोर्टल को ठीक करने की मांग की। उन्होंने तुरंत प्रभाव से अधिकारियों से बात कर पोर्टल को ठीक करवाया और पोर्टल में आगजनी के ऑप्शन को हटा कर जलभराव, बारिश,का ऑप्शन खोल दिया गया। इसके साथ ही मेरी फसल मेरा ब्यौरा का पोर्टल भी जब तक सभी किसानों का पंजीकरण ना हो जाएं खोले रखने की मांग की।

# पीजीआईएमएस में मदर मिल्क बैंक की शुरुआत, कुलपति ने किया निरीक्षण

- कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने मदर मिल्क बैंक का निरीक्षण किया और वहां की कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से जाना और माताओं से बातचीत की।
- एक बार डोनेट हुआ मिल्क -20 डिग्री तापमान पर रखा जाता है जिसे तीन माह तक स्टोर करके रखा जा सकता है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

यदि आपका बच्चा प्री-मैच्योर है, आपके बच्चे का वजन कम है और आप अपने बच्चे को किसी कारणवश अपना दूध नहीं पिला पा रही हैं तो यह खबर आपके लिए बहुत ही राहत भरी हो सकती है। कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने प्रदेश भर के नवजात शिशुओं और माताओं को बहुत बड़ी राहत देते हुए पीजीआईएमएस में मदर मिल्क बैंक की ट्रायल के तौर पर शुरुआत करवाई है। सोमवार को कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने मदर मिल्क बैंक का निरीक्षण किया और वहां की कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से जाना और माताओं से वार्ता की।

कुलपति डॉ. अग्रवाल ने मदर मिल्क बैंक के निरीक्षण के दौरान डॉ. जगजीत और उनकी टीम के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मिल्क बैंक नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और पीजीआईएमएस रोहतक की स्वास्थ्य सेवाओं को और भी मजबूत बनाएगा। डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि वें हरियाणा सरकार व एनएचएम का धन्यवाद व्यक्त करते हैं जिन्होंने संस्थान में यह मिल्क बैंक शुरू करने में योगदान दिया।

डॉ. अग्रवाल ने कहा कि मदर मिल्क बैंक नवजात शिशुओं के लिए मां के दूध की कमी को पूरा करने में मदद करेगा। यह विशेष रूप से प्रीमैच्योर शिशुओं और कम वजन वाले नवजात शिशुओं के लिए महत्वपूर्ण है, जिन्हें मां के दूध की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। डॉ. एचके अग्रवाल ने बताया कि मदर मिल्क बैंक में दूध को सुरक्षित और स्वच्छ तरीके से संग्रहीत किया जाता है, जिससे शिशुओं को उच्च गुणवत्ता वाला दूध मिल सके।

निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने बताया कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि इस मदर मिल्क बैंक के शुरू होने से शिशु मृत्यु दर में भी कमी आएगी और बच्चा जल्दी स्वस्थ होकर घर जाएगा जिससे अस्पताल खर्च में भी कमी आएगी। नियोनेटोलोजी विभागाध्यक्ष डॉ. जगजीत दलाल ने बताया कि यह एक कंप्रिहेंसिव लैक्टेशन मैनेजमेंट सेंटर है जिसमें माता की कांउसलिंग की जाती है, माताओं को अपना दूध पिलाने के लिए प्रेरित किया जाता है और इसके अलावा मिल्क स्टोरेज व अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं, इसलिए इसे रिसेंटली कंप्रिहेंसिव लैक्टेशन मैनेजमेंट सेंटर/सीएलएमसी के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने कहा कि इस मदर मिल्क बैंक की नियोनेटोलॉजी विभाग में शुरुआत करने के लिए एनएचएम के निदेशक डॉ. वीरेंद्र यादव का काफी सहयोग रहा उन्होंने करीब 40 लाख रुपये के उपकरण खरीद कर दिए। उन्होंने बताया कि कोई भी माता जिनको ज्यादा दूध आता है, जिनके बच्चे को पेट में दिक्कत के कारण दूध पिलाना बंद हो, जिनके बच्चे का दूध बंद हो तो वह किसी भी समय आकर लेबर रूम के ऊपर प्रथम तल पर मदर मिल्क बैंक में आकर मिल्क डोनेट कर सकती है। एक बार डोनेट हुआ मिल्क -20 डिग्री तापमान पर रखा जाता है जिसे तीन माह तक स्टोर करके रखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि अभी प्रतिदिन काउंसलर वार्डों में जाती है और माताओं की पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित करती है जिसके चलते प्रतिदिन करीब 10-12 माताएं किसी नवजात की जान बचाने के लिए अपने दूध का दान करने मिल्क बैंक में आती हैं। डॉ. जगजीत ने बताया कि नियोनैटेल आईसीयू में भर्ती करीब 20-25 बच्चों मां का दूध आने की वजह से मिल्क बैंक से दूध की जरूरत पड़ रही है, ऐसे में और अधिक माताओं को प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फार्मूला मिल्क बच्चों को नहीं पिलाना चाहिए मां का दूध बच्चे के लिए सर्वोत्तम है क्योंकि फार्मूला मिल्क से उन्हें इंफैक्शन का भय बना रहता है। इस अवसर पर डॉ. दीपक जैन, डॉ. शिखा भी उपस्थित रहीं।



### डॉ. जगजीत ने बताया कि ऐसे रहेगी मदर मिल्क बैंक की प्रक्रिया

- ▶▶ स्तनपान कराने वाली माताएं, जो स्वस्थ हैं और कुछ मानदंडों को पूरा करती हैं, वे अपने अतिरिक्त दूध का दान करती हैं।
- ▶▶ दूध को मदर मिल्क बैंक में विशेष कंटेनरों में एकत्र किया जाता और स्टोरेज में पहुंचाया जाता है।
- ▶▶ दूध को विभिन्न परीक्षणों के माध्यम से गुजारा जाता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह सुरक्षित है. इसके बाद, दूध को पाश्चुरीकृत किया जाता है (गर्म किया जाता है) ताकि किसी भी हानिकारक बैक्टीरिया या वायरस को नष्ट किया जा सके।
- ▶▶ पाश्चुरीकृत दूध को डीप फ्रीजर में संग्रहीत किया जाता है जब तक कि इसकी आवश्यकता न हो।
- ▶▶ दूध को उन शिशुओं को वितरित किया जाता है जिन्हें इसकी आवश्यकता होती है, जैसे कि वे नवजात जो अस्पताल में भर्ती हैं या जिन्हें मां का दूध पूरा नहीं मिल पा रहा।

# हुड्डा काम्पलैक्स पार्किंग कार्य का आयुक्त ने किया निरीक्षण

## मार्च 2026 तक पूरा कराने के निर्देश, जाम से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने सोमवार को हुड्डा काम्पलैक्स में बन रही पार्किंग परियोजना का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य में तेजी लाई जाए ताकि पार्किंग सुविधा को मार्च 2026 तक पूरा कर शहरवासियों को उपलब्ध कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कार्यकारी अभियंता मंजीत सिंह से परियोजना की विस्तृत जानकारी ली।

अभियंता ने बताया कि पार्किंग निर्माण का कार्य निर्धारित समयसीमा के अनुसार आगे बढ़ रहा है और इसे मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। आयुक्त ने अधिकारियों को कहा कि किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पार्किंग परियोजना को नगर निगम की प्राथमिकता सूची में रखा गया है, क्योंकि इसके बनने से शहर में पार्किंग की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान होगा। इस पार्किंग सुविधा के शुरू होने से शांतमई चौक, हुड्डा काम्पलैक्स, पालिका बाजार, किला रोड, गोहाना अड्डा मार्केट और फर्नीचर मार्केट आने वाले नागरिकों और व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी।

फिलहाल इन क्षेत्रों में वाहन सड़क किनारे खड़े किए जाते हैं जिससे यातायात बाधित होता है और आए दिन जाम की स्थिति बनती है। पार्किंग के बन जाने से मुख्य मार्ग पर वाहनों के खड़े होने की समस्या कम होगी और बाजार क्षेत्र में आने-जाने वाले लोगों को सुविधा होगी। निरीक्षण के दौरान कार्यकारी अभियंता मंजीत दहिया, सहायक नगर योजनाकार तिलकराज और संबंधित निर्माण एजेंसी के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। मौके पर ही एजेंसी के अधिकारियों से कार्य की प्रगति रिपोर्ट ली और उन्हें गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी बताया कि पार्किंग निर्माण का कार्य पिछले काफी समय से मौसम और अन्य तकनीकी कारणों से प्रभावित रहा था। बरसात और ठेकेदार से जुड़ी दिक्कतों के कारण परियोजना बीच में अटक गई थी। लेकिन अब कार्य को दोबारा आरंभ कर दिया गया है और संबंधित एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि बिना समय गंवाए कार्य को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। नगर निगम ने इस परियोजना की नियमित निगरानी का निर्णय लिया है।

### परियोजना शहर के लिए बेहद महत्वपूर्ण

यह पार्किंग परियोजना रोहतक शहर के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। शहर की आबादी और वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है, ऐसे में बाजार और प्रमुख चौकों पर पार्किंग की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। लोग अपने वाहन सड़क पर खड़े कर देते हैं जिससे न केवल जाम लगता है बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। इस नई पार्किंग सुविधा से आसपास के क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था सुचारू होगी और लोग बिना परेशानी अपने वाहन खड़े कर खरीददारी या कामकाज कर सकेंगे।

### कार्य पर निगम की पूरी नजर है: डॉ. शर्मा

नगर निगम का प्रयास है कि मार्च 2026 तक पार्किंग पूरी तरह से बनकर तैयार हो और इसे जनता को समर्पित किया जा सके। डॉ. शर्मा ने भरोसा दिलाया कि इस कार्य पर निगम की पूरी नजर है और नियमित निरीक्षण के माध्यम से सुनिश्चित किया जाएगा कि काम समय पर और मानक के अनुरूप पूरा हो। इस परियोजना से न केवल व्यापारियों और ग्राहकों को सुविधा होगी बल्कि रोहतक शहर को जाम की समस्या से भी बड़ी राहत मिलेगी।

# नगर निगम आयुक्त ने वार्ड 11 व 12 के लोगों की शिकायतें सुनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने सोमवार को वार्ड नं. 11 व 12 का निरीक्षण कर वहां की जनता से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। इस मौके पर वार्ड नं. 11 के पार्षद परीक्षित देशवाल और वार्ड नं. 12 के पार्षद सुशील भी मौजूद रहे। निरीक्षण की शुरुआत गांव बलियाणा से हुई जहां ग्रामीणों ने स्टेडियम, अंबेडकर भवन और लाइब्रेरी के निर्माण कार्य, बिजली की लाइन को शहरी क्षेत्र से जोड़ने, चौपालों के अधूरे कार्य पूरे करने, बैंच लगाने, सीवर और पीने के पानी की समस्या जैसी कई मांगें रखीं।

खेड़ी साध गांव में नाले और श्मशान भूमि की सफाई, नया नाला बनाने और पानी की समस्या का मुद्दा उठाया गया। माजरा गांव में ग्रामीणों ने चौपाल निर्माण, सीवरेज ओवरफ्लो, गलियों की पक्कीकरण और वार्ड में फॉगिंग करवाने की मांग रखी। आयुक्त ने इन सभी समस्याओं पर तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्टेडियम निर्माण को गंभीरता से लिया जाए, बिजली विभाग को पत्र लिखकर बिजली लाइन को शहरी क्षेत्र से जोड़ा जाए और गांव में तुरंत प्रभाव से बैंच लगवाई जाएं। आयुक्त ने मुख्य सफाई निरीक्षक को वार्ड में जल्द फॉगिंग करवाने के आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यकारी अभियंता मंजीत दहिया, नवीन कुमार धनखड़, सहायक अभियंता विरेंद्र हुड्डा और शांत सुहाग, भवन निरीक्षक शनि देव कुमार, कनिष्ठ अभियंता देवेंद्र बेनीवाल व विशाल खेड़ा, जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ विनीत रोहिल्ला और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से कृष्ण मलिक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण दल वार्ड नं. 12 मे भी पहुंचा। सबसे पहले सेक्टर-2 और 3 की मार्केट का जायजा लिया गया। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि बरसात के समय जलभराव की समस्या रहती है और सड़कों की हालत खराब है। इसके अलावा पार्कों में काम, सामुदायिक केंद्रों की मरम्मत, सीवर ओवरफ्लो, ग्रीन बेल्ट का सौंदर्यकरण, सेक्टर-1 के सामुदायिक केंद्र का निर्माण, स्ट्रीट लाइटों की खराबी और मार्केट की पार्किंग के सौंदर्यकरण की मांगें रखी गईं। निगम द्वारा पैचवर्क की निविदा हो चुकी है और बरसात समाप्त होने के बाद सड़कों की मरम्मत कर दी जाएगी।

### अंत्योदय परिवार उठाएं दयालु योजना का लाभ

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने जिला के पात्र परिवारों से दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) का लाभ उठाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा है कि इस योजना के तहत परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु या स्थायी विकलांगता की स्थिति में वित्तीय सहायता दी जाती है। योजना के तहत अंत्योदय परिवारों को उनके परिजनों की मृत्यु अथवा स्थाई विकलांगता पर आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। परिवार की वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम हो।

# स्व. कृष्णवीर मायना का जन्मदिवस केवीएम शिक्षण संस्थान में मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

केवीएम शिक्षण संस्थान लाढ़ौत रोड में स्वर्गीय कृष्णवीर मायना का 56 वां जन्म दिवस बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। सुबह उनकी प्रतिमा पर हवन करवाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई, जिनका उपस्थित दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। बच्चों ने स्वर्गीय कृष्णवीर मायना के जीवन पर आधारित एक भावपूर्ण नाटक भी मंचित किया, जिसे सभी ने सराहा। स्व. कृष्णवीर मायना का जन्म रोहतक जिले के गांव मायना में एक किसान परिवार में हुआ था। उनका संपूर्ण जीवन समाज सेवा को समर्पित रहा। उन्होंने अनेक सामाजिक कार्य किए और हमेशा जनहित में सक्रिय रहे। उनके निधन के उपरांत उनके साथियों ने मिलकर स्वर्गीय कृष्णवीर मायना समाज कल्याण ट्रस्ट की स्थापना की। इस ट्रस्ट की स्थापना सन-2001 में हुई। ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष उनके जन्मदिवस पर बुजुर्गों का सम्मान किया जाता है, सर्दियों में जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र वितरित किए जाते हैं, विकलांग व्यक्तियों को ट्राइसाइकिल दी जाती है तथा अन्य आवश्यक सामग्री



उपलब्ध करवाई। कई अवसरों पर ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन भी किया गया। ट्रस्ट द्वारा दिव्यांग बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाता है। पहले यहां पर केवल पांच बच्चे थे मगर अब लगभग 100 बच्चे हो चुके हैं। इन बच्चों को ट्रस्ट की तरफ से मुफ्त बस, किताबें, ड्रैस आदि दी जाती है। इनका पूरा खर्च ट्रस्ट द्वारा उठाया जाता है।

इस मौके पर कर्मवीर मायना, सुरेश राणा, शमशेर मलिक, भूपेंद्र नेहरा, भाग सिंह पहलवान, राजेश अहलावत, प्रीतम देशवाल, जगदीश पंघाल, वीरेंद्र बल्हारा, रामधारी अठवाल, बलबीर सिंह श्योकंद आदि गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम में शिरकत की।

# सांगवान इंटरनेशनल स्कूल का टेनिस व योग में शानदार प्रदर्शन

- अवनी ने राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक और कांस्य पदक अपने नाम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के होनहार छात्र प्रतीक श्योराण एवं दिशेंद लांबा ने सीबीएसई द्वारा मध्य प्रदेश, सोलन में आयोजित जोनल लॉन टेनिस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कक्षा सातवीं की छात्रा अवनी ने अंबाला में आयोजित राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक व कांस्य पदक अर्जित कर अपने अभिभावकों एवं विद्यालय का नाम गर्व से ऊंचा किया। वहीं, तनुष कक्षा नवमीं के छात्र ने एयर राइफल में





राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर स्कूल और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर विद्यालय प्रबंधक राजेश सांगवान, प्रधानाचार्या मनीषा सांगवान एवं विद्यालय समन्वयक प्रमिला सांगवान ने विजेता बच्चों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावकों



एवं प्रदेश का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे।


हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20


**मंचन** दिल्ली राजेंद्र नगर के स्वरांजली स्टूडियो में किया मंचन

# 'दयाशंकर की डायरी' में महानगरीय जीवन की त्रासदी को दिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा इंस्टीट्यूट ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स के विख्यात एकल नाटक दयाशंकर की डायरी का सातवां मंचन कल दिल्ली राजेंद्र नगर के स्वरांजली स्टूडियो में सफलतापूर्वक किया गया।

फिल्म अभिनेता, नाट्य प्रमोटर एवं स्वरांजली स्टूडियो के संस्थापक विपिन के सेठी के विशेष आमंत्रण पर इस नाटक का मंचन किया गया। नाटक का निर्देशन विश्व दीपक त्रिखा ने किया और सफल एकल अभिनय डॉ. सुरेंद्र शर्मा द्वारा किया गया। उनके अभिनय ने दर्शकों को। मंत्रमुग्ध कर दिया। दयाशंकर की डायरी विख्यात फिल्म अभिनेत्री और नाटककार नादिरा ज़हीर बब्बर द्वारा लिखा गया है। नाटक में एक नाकाम व्यक्ति की कहानी के माध्यम से महानगरीय जीवन की त्रासदी को प्रस्तुत किया गया, जिसे दर्शकों की भरपूर सराहना मिली। नाटक में प्रकाश एवं ध्वनि व्यवस्था जगदीप जुगनू ने संभाली और कला और स्टेज सेटिंग का जिम्मा समीर शर्मा ने निभाया।

नाटक में ऐसे युवा व्यक्ति की कहानी है, जो एक्टर बनने मुंबई आता है लेकिन मजबूरीवश एक ऑफिस में क्लर्क की नौकरी करने लगता है। थोड़ी सी पगार में घरवालों की ज़रूरतों को पूरा करते रहने के कारण वह हमेशा तंगहाली में रहता है।







### एलबीएस स्कूल की टीमों की जीत की हैट्रिक

**रोहतक।** एलबीएस स्कूल काहनौर की अंडर-14 आयु वर्ग की छात्राओं ने ब्राइटवे स्कूल खरखोदा सोनीपत द्वारा आयोजित सीबीएसई क्लस्टर 15 कबड्डी प्रतिस्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतकर स्कूल की टीमों द्वारा सीबीएसई क्लस्टर की प्रतियोगिताओं में लगातार तीसरी जीत अर्ज की है। इससे पहले खो-खो में अंडर-14 आयु वर्ग के लड़के तथा लड़कियों ने 31 जुलाई तथा 13 अगस्त को भी गोल्ड मेडल प्राप्त किए हैं। अब ये तीनों टीमें सीबीएसई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगीं जो गांधीनगर गुजरात, अयोध्या उत्तर प्रदेश व सोलन हिमाचल प्रदेश में आयोजित किए जाएंगे। इस खुशी के अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष व पूर्व विधायक डॉक्टर वीरेंद्र पाल अहलावत ने इसका श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, समर्पण तथा प्रतिभा के साथ-साथ उनके कोच प्रमिला , रोहित देशवाल व डायरेक्टर दिनेश पूनिया को दिया तथा पूरे एलबीएस परिवार की तरफ से इनको ढेर सारी बधाई दी । उन्होंने आगामी राष्ट्रीय सीबीएसई प्रतियोगिताओं में और बेहतर प्रदर्शन तथा नई ऊंचाइयां छूने की शुभकामनाएं की। इस शुभ अवसर पर डायरेक्टर मनोज कुमार, प्राचार्या रितु सिंधु ,संयोजक सचिन डांगी व खिलाड़ियों के अभिभावकों ने खिलाड़ी बच्चों का मनोबल बढ़ाया तथा विद्यालय प्रबंधन ने इसी स्तर पर प्रयासरत रहने का वादा किया।